Adda247 GET IT ON Google Play

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

सीरीज़

**B**

क्रमांक :

**कोड : DFMET–01**

1112658

**2018**

# विषय : हिन्दी

भाग–I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30

भाग–II : हिन्दी : प्रश्न संख्या 31 से 150

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 150

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में

शब्दों में

**प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल काले बॉल-प्वॉइंट पेन का इस्तेमाल करें।**

**अभ्यर्थी उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।**

**आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक को सौंप दें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. **उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना सही अनुक्रमांक, विषय, परीक्षण पुस्तिका का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले बॉल-प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें।
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। इसके अलावा परीक्षण पुस्तिका के अंदर और कुछ न लिखें। यदि आप रफ़ कार्य करना चाहते हैं, तो आप निरीक्षक से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनाएँ भर लें।
5. **परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरंत बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।**
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **उत्तर-पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.***

SEAL

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

# PART–I : COMPULSORY / भाग–I : अनिवार्य

## GENERAL STUDIES / सामान्य अध्ययन

1. Which of the following diseases *cannot* be cured by antibiotics?
   (a) Tuberculosis
   (b) Tetanus
   (c) Measles
   (d) Cholera

2. Which of the following pairs is *not* correctly matched?
   (a) Computer : Charles Babbage
   (b) Radio : Karl Benz
   (c) Barometer : E. Torricelli
   (d) Dynamo : Michael Faraday

3. The communication satellites are invariably
   (a) revolving at their own speed
   (b) stationary
   (c) geostationary
   (d) changing their track and speed

4. For which substance among the following, conductivity increases with temperature?
   (a) Copper
   (b) Germanium
   (c) Silver
   (d) Iron

5. The area of a regular hexagon of side $2\sqrt{3}$ cm is
   (a) $12\sqrt{3}$ cm$^2$
   (b) $18\sqrt{2}$ cm$^2$
   (c) $18$ cm$^2$
   (d) $18\sqrt{3}$ cm$^2$

1. निम्नलिखित में से किस रोग का प्रतिजैविक द्वारा निदान **नहीं** किया जा सकता?
   (a) क्षयरोग
   (b) टेटनस
   (c) खसरा
   (d) हैजा

2. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है?
   (a) कम्प्यूटर : चार्ल्स बैबेज
   (b) रेडियो : कार्ल बेंज
   (c) बैरोमीटर : ई० टॉरीसेली
   (d) डायनामो : माइकल फैराडे

3. संचार उपग्रह सदैव
   (a) अपनी चाल से ही भ्रमण करते रहते हैं
   (b) स्थिर रहते हैं
   (c) भू-स्थिर रहते हैं
   (d) अपना पथ एवं चाल बदलते रहते हैं

4. निम्नलिखित पदार्थों में से किसकी चालकता तापक्रम के साथ बढ़ती है?
   (a) ताँबा
   (b) जर्मेनियम
   (c) चाँदी
   (d) लोहा

5. $2\sqrt{3}$ cm भुजा वाले समषड्भुज का क्षेत्रफल होगा
   (a) $12\sqrt{3}$ cm$^2$
   (b) $18\sqrt{2}$ cm$^2$
   (c) $18$ cm$^2$
   (d) $18\sqrt{3}$ cm$^2$

Adda247
GET IT ON Google Play

6. If $2x+\frac{2}{x}=3$, then the value of $x^3+\frac{1}{x^3}+2$ is

(a) $\frac{3}{8}$

(b) $\frac{19}{8}$

(c) $\frac{21}{8}$

(d) $\frac{7}{8}$

7. If one of the roots of the quadratic equation $2x^2+px+4=0$ is 2, then the other root is

(a) −2

(b) −1

(c) +1

(d) +2

8. In which State was the military exercise 'Vijay Prahar' held in May 2018?

(a) Maharashtra

(b) Gujarat

(c) Rajasthan

(d) Madhya Pradesh

9. Who has won the Women Singles Title of Badminton in Commonwealth Games, 2018?

(a) Saina Nehwal

(b) P. V. Sindhu

(c) K. Gilmour

(d) Michelle Li

10. In the World Press Freedom Index, 2018, India is placed at

(a) 135th

(b) 136th

(c) 138th

(d) 137th

6. यदि $2x+\frac{2}{x}=3$ हो, तो $x^3+\frac{1}{x^3}+2$ का मान है

(a) $\frac{3}{8}$

(b) $\frac{19}{8}$

(c) $\frac{21}{8}$

(d) $\frac{7}{8}$

7. यदि द्विघाती समीकरण $2x^2+px+4=0$ का एक मूल 2 है, तो इसका दूसरा मूल है

(a) −2

(b) −1

(c) +1

(d) +2

8. मई 2018 में किस राज्य में सैन्य अभ्यास 'विजय प्रहार' सम्पन्न हुआ?

(a) महाराष्ट्र

(b) गुजरात

(c) राजस्थान

(d) मध्य प्रदेश

9. राष्ट्रमंडल खेल, 2018 में बैडमिन्टन का महिला एकल खिताब किसने जीता है?

(a) साइना नेहवाल

(b) पी० वी० सिन्धू

(c) के० गिलमौर

(d) मिशेल ली

10. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2018 में भारत का स्थान है

(a) 135वाँ

(b) 136वाँ

(c) 138वाँ

(d) 137वाँ

Adda247
GET IT ON Google Play

**11.** In which of the following texts, it is stated that those who could not speak Sanskrit language correctly were called 'Mlecchas'?

(a) *Shvetashvatara Upanishad*

(b) *Gopatha Brahmana*

(c) *Brihadaranyaka Upanishad*

(d) *Shatapatha Brahmana*

**12.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the codes given below the Lists :

| *List–I* *(King)* | *List–II* *(Spouse)* |
|---|---|
| A. Chandragupta I | 1. Dutta Devi |
| B. Samudragupta | 2. Kuberanaga |
| C. Chandragupta II | 3. Kumara Devi |
| D. Kumaragupta I | 4. Ananta Devi |

*Codes* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**11.** निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में कहा गया है कि वे जो संस्कृत भाषा शुद्ध नहीं बोल सकते थे उन्हें 'म्लेच्छ' कहा जाता था?

(a) *श्वेताश्वतर उपनिषद्*

(b) *गोपथ ब्राह्मण*

(c) *बृहदारण्यक उपनिषद्*

(d) *शतपथ ब्राह्मण*

**12.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (राजा)** | **सूची–II (पत्नी)** |
|---|---|
| A. चन्द्रगुप्त प्रथम | 1. दत्ता देवी |
| B. समुद्रगुप्त | 2. कुबेरनागा |
| C. चन्द्रगुप्त द्वितीय | 3. कुमार देवी |
| D. कुमारगुप्त प्रथम | 4. अनन्त देवी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**13.** With reference to the book *Arthashastra*, which of the following statements is/are correct?

1. It is the oldest masterpiece on Indian State Policy.
2. There is no description of Mauryan empire and administration in this book.

Select the correct answer using the codes given below.

*Codes :*

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**14.** Who among the following addressed Delhi as one of the greatest cities in the world?

(a) Ibn Batuta

(b) Alberuni

(c) Farishta

(d) Abul Fazl

**15.** Who is known as the Father of India's Local Self-Government?

(a) Lord Lytton

(b) Lord Ripon

(c) Lord Curzon

(d) Lord Dalhousie

**16.** At least how many days are required to give the prior notice for the impeachment of the President of India?

(a) 7 days

(b) 14 days

(c) 21 days

(d) 30 days

**13.** *अर्थशास्त्र* पुस्तक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह भारतीय राजशासन के संबंध में उपलब्ध प्राचीनतम उत्कृष्ट रचना है।
2. इस पुस्तक में मौर्य साम्राज्य तथा शासनतंत्र का कोई उल्लेख नहीं मिलता।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

कूट :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**14.** इनमें से किसने दिल्ली को विश्व के उत्कृष्टतम शहरों में से एक के रूप में बताया?

(a) इब्न बतूता

(b) अलबेरूनी

(c) फरिश्ता

(d) अबुल फज़्ल

**15.** भारत में स्थानीय स्वायत्त शासन का जनक किसे कहा जाता है?

(a) लॉर्ड लिटन

(b) लॉर्ड रिपन

(c) लॉर्ड कर्जन

(d) लॉर्ड डलहौज़ी

**16.** भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए कम-से-कम कितने दिन की पूर्व सूचना आवश्यक है?

(a) 7 दिन

(b) 14 दिन

(c) 21 दिन

(d) 30 दिन

Adda247 GET IT ON Google Play

17. Who administers the oath of office and secrecy to the Governor of a State in India?

(a) The President of India

(b) The Vice President of India

(c) The Chief Justice of the High Court of the State

(d) The Speaker of the Legislative Assembly of the State

18. Which Part of our Constitution envisages a three-tier system of Panchayati Raj?

(a) Part IX

(b) Part X

(c) Part XI

(d) Part XII

19. Which of the following States has ***no*** oil refinery?

(a) Gujarat

(b) Kerala

(c) Chhattisgarh

(d) West Bengal

20. Which of the following rivers does ***not*** flow in Australia?

(a) Hunter River

(b) Flinders River

(c) Orange River

(d) Gilbert River

21. Which of the following States recorded decrease in its population in 2011 Census?

(a) Kerala

(b) Sikkim

(c) Nagaland

(d) Manipur

17. भारत में किसी राज्य के राज्यपाल को पद और गोपनीयता की शपथ कौन दिलवाता है?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) भारत का उपराष्ट्रपति

(c) राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(d) राज्य की विधान सभा का अध्यक्ष

18. हमारे संविधान के किस भाग में पंचायती राज के तीन सोपानों की व्यवस्था का विवेचन किया गया?

(a) भाग IX

(b) भाग X

(c) भाग XI

(d) भाग XII

19. निम्नलिखित में से किस राज्य में तेल शोधनशाला **नहीं** है?

(a) गुजरात

(b) केरल

(c) छत्तीसगढ़

(d) पश्चिम बंगाल

20. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी ऑस्ट्रेलिया में **नहीं** बहती है?

(a) हंटर रिवर

(b) फ्लिन्डर्स रिवर

(c) ऑरेन्ज रिवर

(d) गिल्बर्ट रिवर

21. निम्नलिखित में से किस राज्य में 2011 की जनगणना में जनसंख्या का ह्रास अभिलिखित हुआ है?

(a) केरल

(b) सिक्किम

(c) नागालैण्ड

(d) मणिपुर

Adda247
GET IT ON Google Play

**22.** Which of the following is the most effective measure of population control according to Malthus?

(a) War

(b) Disaster

(c) Birth control

(d) Social evils

**23.** Which of the following is ***not*** a biome?

(a) Desert

(b) Grassland

(c) Ecosystem

(d) Tundra

**24.** Dudhwa National Park is situated in which of the following States?

(a) Assam

(b) Uttarakhand

(c) Rajasthan

(d) Uttar Pradesh

**25.** According to the Fourth Round of National Family Health Survey, the current TFR (Total Fertility Rate—children per woman) is

(a) 2·2

(b) 3·2

(c) 4·2

(d) 4·5

**22.** माल्थस के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय जनसंख्या-नियंत्रण में सर्वाधिक प्रभावी है?

(a) युद्ध

(b) आपदा

(c) जन्म-नियंत्रण

(d) सामाजिक बुराइयाँ

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा, एक जीवोम नहीं है?

(a) रेगिस्तान

(b) घास का स्थल

(c) पारिस्थितिक तंत्र

(d) टुण्ड्रा

**24.** दुधवा नैशनल पार्क निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(a) असम

(b) उत्तराखण्ड

(c) राजस्थान

(d) उत्तर प्रदेश

**25.** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के चतुर्थ चक्र के अनुसार, वर्तमान में टी० एफ० आर० (कुल प्रजनन दर — बच्चे प्रति महिला) है

(a) 2·2

(b) 3·2

(c) 4·2

(d) 4·5



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**26.** Which of the following census years is known as the 'Year of Great Divide' in India?

(a) 1911

(b) 1921

(c) 1951

(d) 1991

**27.** SRI method is related to

(a) wheat

(b) cotton

(c) mustard

(d) paddy

**28.** Which of the following pairs is ***not*** correctly matched?

| | *Crop* | | *Insect-pest* |
|---|---|---|---|
| (a) | Groundnut | : | Pod borer |
| (b) | Gram | : | Pod borer |
| (c) | Paddy | : | Banka |
| (d) | Maize | : | Stem borer |

**29.** The rotation intensity of Maize-Potato-Mung bean is

(a) 100%

(b) 200%

(c) 250%

(d) 300%

**30.** Which of the following pairs is ***not*** correctly matched?

| | *Crop* | | *Variety* |
|---|---|---|---|
| (a) | Groundnut | : | Kaushal |
| (b) | Mustard | : | Vardan |
| (c) | Linseed | : | Chamatkar |
| (d) | Gram | : | Udai |

**26.** निम्नलिखित जनगणना वर्षों में से किसे भारत में 'महाविभाजन का वर्ष' के रूप में जाना जाता है?

(a) 1911

(b) 1921

(c) 1951

(d) 1991

**27.** एस० आर० आइ० विधि संबंधित है

(a) गेहूँ से

(b) कपास से

(c) सरसों से

(d) धान से

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

| | **फसल** | | **कीट** |
|---|---|---|---|
| (a) | मूँगफली | : | फली छेदक |
| (b) | चना | : | फली छेदक |
| (c) | धान | : | बंका |
| (d) | मक्का | : | तना छेदक |

**29.** मक्का-आलू-मूँग के फसल-चक्र की सघनता है

(a) 100%

(b) 200%

(c) 250%

(d) 300%

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

| | **फसल** | | **प्रजाति** |
|---|---|---|---|
| (a) | मूँगफली | : | कौशल |
| (b) | सरसों | : | वरदान |
| (c) | अलसी | : | चमत्कार |
| (d) | चना | : | उदय |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

# PART–II : HINDI / भाग–II : हिन्दी

**31.** अनुभावों और विभावों की कष्ट-कल्पना किस प्रकार का दोष है?

(a) समास दोष

(b) रस दोष

(c) पद दोष

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** "अधर धरत हरि के परत, ओठ दीठि पट जोति।
हरित बाँस की बाँसुरी, इंद्रधनुष रंग होति॥"

उपर्युक्त दोहे में अलंकार है

(a) विभावना

(b) विशेषोक्ति

(c) अतद्गुण

(d) तद्गुण

**33.** "चिक्करहिं मर्कट भालु छलबल करहिं जेहि खल छीजहीं" —पंक्ति में काव्यगुण है

(a) प्रसाद

(b) ओज

(c) माधुर्य

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** उच्चारण स्थान के आधार पर 'ञ' व्यंजन है

(a) तालव्य

(b) मूर्धन्य

(c) कण्ठ्य

(d) ओष्ठ्य

**35.** हिन्दी में 'अनुस्वार' किस ध्वनि का सूचक नहीं है?

(a) ङ

(b) ञ

(c) ण

(d) य

**36.** 'जिस व्यक्ति का चित्त किसी भी देश, काल और परिस्थिति में एकसमान रहता है', उसके लिए उपयुक्त शब्द है

(a) अलौकिक

(b) स्थिरचित्त

(c) शांतचित्त

(d) समदर्शी

**37.** "कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात।
भरे भौन मैं करत हैं, नैनन ही सौं बात॥"

उपर्युक्त दोहे में प्रयुक्त मुख्य क्रियापदों की संख्या है

(a) एक

(b) दो

(c) सात

(d) आठ

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है?

(a) मेजपोश

(b) मिठास

(c) सौतेला

(d) सरलता

Adda247 GET IT ON Google Play

39. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द सर्वनाम नहीं है?

(a) कौन

(b) कोई

(c) उसने

(d) दसगुना

40. "सिर पर पाँव रखकर भागना" —मुहावरे का सही अर्थ है

(a) सर्कस दिखाना

(b) तुरंत भाग जाना

(c) करतूत दिखाना

(d) चोट पहुँचाना

41. 'दुर्व्यवहार' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है

(a) दुः

(b) वि

(c) अव

(d) उपर्युक्त सभी

42. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशी स्रोत का है?

(a) रोशनदान

(b) आलस

(c) उलूक

(d) आज

43. 'सामिष' का विलोमार्थक शब्द है

(a) आमिष

(b) अनमिष

(c) निरामिष

(d) निरमिष

44. निम्नलिखित में से 'अभ्र' का पर्यायवाची है

(a) रत्नाकर

(b) बादल

(c) आकाश

(d) पवन

45. कतिपय हिन्दी वैयाकरणों द्वारा 'संज्ञा प्रतिनिधि' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(a) क्रिया के लिए

(b) विशेषण के लिए

(c) संज्ञा के भेद के लिए

(d) सर्वनाम के लिए

46. किस शब्द में 'तद्धित' प्रत्यय का योग है?

(a) सुनहरा

(b) पाठक

(c) लड़ाई

(d) दर्शनीय

47. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) मैं अपना कार्य स्वयं कर देता हूँ।

(b) परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी नहीं होना चाहिए।

(c) शायद वह अवश्य आएगा।

(d) भारत में अनेक जाति के लोग रहते हैं।

Adda247
GET IT ON Google Play

48. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?

(a) पुष्पांजली

(b) मंत्रीपरिषद

(c) वाल्मीकि

(d) अध्यात्मिक

49. निम्नलिखित में से माघ विरचित कृति है

(a) बुद्धचरितम्

(b) स्वप्नवासवदत्तम्

(c) रघुवंशम्

(d) शिशुपालवधम्

50. "नमः स्वस्ति स्वाहा स्वधा..." के योग में प्रयुक्त होती है

(a) द्वितीया विभक्ति

(b) चतुर्थी विभक्ति

(c) तृतीया विभक्ति

(d) पंचमी विभक्ति

51. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना श्रीहर्ष की नहीं है?

(a) शिशुपालवध

(b) अर्णव वर्णन

(c) छिन्द प्रशस्ति

(d) नवसाहसांक चरित चम्पू

52. 'ऋग्वेद' का सही संधि-विच्छेद है

(a) ऋग + वेद

(b) ऋग् + वेद

(c) ऋक् + वेद

(d) ऋ + ग्वेद

53. "गाँव के दोनों ओर रास्ते हैं" —का संस्कृत में सही अनुवाद होगा

(a) ग्रामस्य परितः मार्गाणि सन्ति

(b) ग्रामम् उभयतः मार्गो स्तः

(c) ग्रामम् उभयतः मार्गाः सन्ति

(d) ग्रामस्य उभयतः मार्गो स्तः

54. काव्य-रचना की दृष्टि से महाकवि माघ किन तीन गुणों से विभूषित स्वीकार किए जाते हैं?

(a) सत्व, रज, तम

(b) ओज, प्रसाद, माधुर्य

(c) गौड़ी, वैदर्भी, पांचाली

(d) उपमा, अर्थगौरव, पदलालित्य

55. कालिदास की किस रचना को 'दूतकाव्य' माना जाता है?

(a) अभिज्ञानशाकुंतलम्

(b) विक्रमोर्वशीयम्

(c) मेघदूतम्

(d) मालविकाग्निमित्रम्

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सा संस्कृत वाक्य कारक प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध है?

(a) सीता रावणं अकुप्यत

(b) धनं परिश्रमेण भवति

(c) मह्यम् पुस्तकं देहि

(d) रामः स्वाग्रजं गुणैः अतिशेते

**57.** 'गम्' धातु का विधिलिङ्ग, प्रथम पुरुष एकवचन में सही रूप है

(a) गच्छेत

(b) गच्छेत्

(c) गच्छतु

(d) गच्छेताम्

**58.** 'षडानन' का संधि-विच्छेद होगा

(a) शड् + आनन

(b) षड् + आनन

(c) षट् + आनन

(d) षडा + नन

**59.** 'मदमाता' में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव

(b) कर्मधारय

(c) द्वंद्व

(d) तत्पुरुष

**60.** द्वंद्व समास की प्रमुख विशेषता है

(a) प्रथम पद प्रधान होता है

(b) उत्तर पद प्रधान होता है

(c) दोनों पद प्रधान होते हैं

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** कालिदास के नाटकों में स्त्रियाँ तथा निम्नश्रेणी के पात्र किस भाषा में बोलते हैं?

(a) संस्कृत

(b) प्राकृत

(c) संस्कृत मिश्रित प्राकृत

(d) अशुद्ध संस्कृत

**62.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक रचना भवभूति की है?

(a) उत्तररामचरितम्

(b) कादम्बरी

(c) किरातार्जुनीयम्

(d) नैषधीयचरितम्

**63.** 'पाणिपादम्' का विग्रह है

(a) पाणि च पादम् च

(b) पाणौ च पादौ च

(c) पाणिम् च पादम् च

(d) पाणी च पादौ च

Adda247 GET IT ON Google Play

64. आचार्य रामचंद्र शुक्ल कृत 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' प्रथमतः 'हिन्दी शब्दसागर' की भूमिका में किस शीर्षक से प्रकाशित हुआ था?

(a) हिन्दी साहित्येतिहास की भूमिका

(b) हिन्दी साहित्य की भूमिका

(c) हिन्दी साहित्य का विकास

(d) हिन्दी साहित्य का सागर

65. निम्नलिखित में से कौन रचनाकार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित **नहीं** हैं?

(a) महादेवी वर्मा

(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(c) सुमित्रानंदन पंत

(d) रामधारी सिंह 'दिनकर'

66. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'उत्तरमध्यकाल' को क्या नाम दिया?

(a) श्रृंगारकाल

(b) अलंकृत काल

(c) रीतिकाल

(d) मध्यकाल

67. हिन्दी के किस इतिहासकार के मतानुसार 'शालिभद्र सूरि' हिन्दी के प्रथम कवि हैं?

(a) डॉ० गणपतिचंद्र गुप्त

(b) डॉ० नगेन्द्र

(c) डॉ० रामकुमार वर्मा

(d) डॉ० धीरेन्द्र वर्मा

68. "कविता करके तुलसी न लसे, कविता लसी पा तुलसी की कला।" यह प्रशंसात्मक उक्ति किसने लिखी है?

(a) मैथिलीशरण गुप्त

(b) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(c) रामचंद्र शुक्ल

(d) बालमुकुंद गुप्त

69. "केशव कहि न जाइ का कहिए"—पंक्ति के रचनाकार हैं

(a) सूरदास

(b) रहीम

(c) केशवदास

(d) तुलसीदास

70. 'सूरज किरन की छाँव'—आंचलिक उपन्यास के लेखक हैं

(a) राजेन्द्र अवस्थी

(b) शैलेश मटियानी

(c) देवेन्द्र सत्यार्थी

(d) उदयशंकर भट्ट

71. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, प्रेमाख्यान परम्परा की पहली रचना किसे मानते हैं?

(a) सत्यवती कथा

(b) चंद्रायन

(c) मृगावती

(d) हंसावली

72. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना शिवदान सिंह चौहान की है?

(a) हिन्दी साहित्य की जनवादी परम्परा

(b) जनांतिक

(c) प्रेमचंद! विरासत का सवाल

(d) हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष

73. 'राउरबेल' किस तरह की रचना है?

(a) गद्य-पद्य मिश्रित चम्पू

(b) शुद्ध काव्य

(c) नाटक

(d) प्रेमाख्यानक प्रबंधकाव्य

Adda247

GET IT ON Google Play

**74.** प्रसिद्ध समीक्षक रमेश कुंतल 'मेघ' को उनकी किस कृति के लिए वर्ष 2017 का 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' दिया गया?

(a) अथातो सौन्दर्य जिज्ञासा

(b) साक्षी है सौन्दर्य प्राश्निक

(c) क्योंकि समय एक शब्द है

(d) विश्वमिथकसरित्सागर

**75.** प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ हुआ था?

(a) दिल्ली

(b) नागपुर

(c) मॉरिशस

(d) लंदन

**76.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची–I (कविता)** | | **सूची–II (रचनाकार)** |
|---|---|---|---|
| A. | जुही की कली | 1. | अज्ञेय |
| B. | नौका विहार | 2. | माखनलाल चतुर्वेदी |
| C. | नदी के द्वीप | 3. | सुमित्रानंदन पंत |
| D. | पुष्प की अभिलाषा | 4. | निराला |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**77.** निम्नलिखित में विष्णु प्रभाकर लिखित यात्रावृत्त कौन-सा है?

(a) घाट-घाट का पानी

(b) ज्योतिपुंज हिमालय

(c) दरख्तों के पार शाम

(d) सागर के आर-पार

**78.** महादेवी वर्मा द्वारा लिखित 'पथ के साथी' में निम्नलिखित में से किस साहित्यकार का संस्मरण **नहीं** है?

(a) मैथिलीशरण गुप्त

(b) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(d) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

**79.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को केन्द्र में रखकर लिखी गई पुस्तक 'व्योमकेश दरवेश' के लेखक हैं

(a) राजदेव सिंह

(b) केदारनांथ सिंह

(c) विश्वनाथ त्रिपाठी

(d) रमेश कुन्तल मेघ

**80.** वर्ष 2017 का ज्ञानपीठ पुरस्कार निम्नलिखित में से किस लेखिका को दिया गया है?

(a) कृष्णा सोबती

(b) मृदुला गर्ग

(c) चित्रा मुद्गल

(d) मन्नू भण्डारी

**81.** "मैं उनका आदर्श नहीं जो व्यथा न खोल सकेंगे,
पूछेगा जग किन्तु पिता का नाम न बोल सकेंगे।
जिनका निखिल विश्व में कोई कहीं न अपना होगा
मन में लिए उमंग जिन्हें चिरकाल कलपना होगा।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ 'दिनकर' की किस रचना की हैं?

(a) कुरुक्षेत्र

(b) रश्मिरथी

(c) सामधेनी

(d) परशुराम की प्रतीक्षा

**82.** 'एक और द्रोणाचार्य' किसकी नाट्यकृति है?

(a) सुरेन्द्र वर्मा

(b) लक्ष्मीनारायण लाल

(c) शंकर शेष

(d) भीष्म साहनी

Adda247 GET IT ON Google Play

**83.** "यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि भाषा पर जैसा अचूक अधिकार इनका था, वैसा और किसी कवि का नहीं।" रामचंद्र शुक्ल का यह कथन किस कवि के संबंध में है?

(a) कबीरदास

(b) तुलसीदास

(c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(d) घनानंद

**84.** हिन्दी आलोचना में शुक्ल जी की चिन्तनात्मक मान्यताओं को सबसे प्रबल समर्थन किसने दिया?

(a) डॉ० नगेन्द्र

(b) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(c) मुक्तिबोध

(d) रामविलास शर्मा

**85.** आधुनिक एकांकी के जनक माने जाते हैं

(a) उदयशंकर भट्ट

(b) जयशंकर प्रसाद

(c) रामकुमार वर्मा

(d) जगदीशचंद्र माथुर

**86.** 'सूरदास' प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है?

(a) वरदान

(b) रंगभूमि

(c) गोदान

(d) प्रतिज्ञा

**87.** रीतिकाल को 'अलंकृत काल' किस इतिहासकार ने कहा है?

(a) मिश्रबंधु

(b) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(c) रामचंद्र शुक्ल

(d) रामकुमार वर्मा

**88.** "मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ, अगर तुम वास्तव में मुझसे कुछ पूछना चाहते हो, तो हिन्दवी में पूछो, जिससे कि मैं कुछ अद्‌भुत बातें बता सकूँ।" यह किसका कथन है?

(a) अमीर खुसरो

(b) कण्हपा

(c) मौलवी करीम

(d) इनमें से कोई नहीं

**89.** निम्नलिखित में से कौन स्वामी रामानंद का शिष्य **नहीं** था?

(a) अनंतानंद

(b) सुखानंद

(c) नरहर्यानंद

(d) रैदास

**90.** "गोद लिए हुलसी फिरै तुलसी सो सुत होय।" पंक्ति का लेखक कौन-सा भक्त कवि है?

(a) सूरदास

(b) रसखान

(c) रहीम

(d) नरहरिदास

**91.** 'रामकृष्ण परमहंस' के जीवन को लक्ष्य करके लिखी गई पुस्तक 'हलचल के पंख' के लेखक हैं

(a) रामचंद्र तिवारी

(b) मोहन अवस्थी

(c) कृष्णबिहारी मिश्र

(d) कुबेरनाथ राय

**92.** 'रेखाएँ बोल उठीं'—रेखाचित्र किसने लिखा है?

(a) देवेन्द्र सत्यार्थी

(b) शान्तिप्रिय द्विवेदी

(c) शिवपूजन सहाय

(d) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

93. केवल छः निबंध लिखकर निम्नलिखित में से किस लेखक ने हिन्दी जगत में ख्याति अर्जित की है?

(a) माधवप्रसाद मिश्र

(b) पूर्ण सिंह

(c) प्रतापनारायण मिश्र

(d) गोविन्दनारायण मिश्र

94. "कविता मनुष्य को स्वार्थ संबंधों के संकुचित घेरे से ऊपर उठाती है।" यह कथन किसका है?

(a) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(b) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(c) श्यामसुंदर दास

(d) डॉ० नगेन्द्र

95. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (काव्यपंक्तियाँ) | सूची–II (रचनाकार) |
|---|---|
| A. मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं | 1. रसखान |
| B. बसौ म्हारे नैनन में नंदलाल | 2. मीरा |
| C. भक्तन को कहा सीकरी सों काम | 3. सूरदास |
| D. प्रीति कर दीन्हीं गरै छुरी | 4. कुम्भनदास |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

96. जयशंकर प्रसाद के किस नाटक में कार्नेलिया विदेशी पात्र है?

(a) स्कंदगुप्त

(b) चंद्रगुप्त

(c) विशाख

(d) अजातशत्रु

97. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना भिखारीदास की **नहीं** है?

(a) रससारांश

(b) काव्यनिर्णय

(c) शृंगार निर्णय

(d) भाषाभूषण

98. सूरदास के विषय में कौन-सा कथन गलत है?

(a) सूरदास को सभी विद्वान जन्मान्ध मानते हैं।

(b) सूरदास श्रीनाथ मंदिर, वृन्दावन में कीर्तन करते थे।

(c) सूरदास वल्लभाचार्य के शिष्य थे।

(d) "प्रभु हौं सब पतितन को राजा।
परनिन्दा मुख पूरि रह्यौ जग, यह निसान नित बाजा।।"
—पंक्तियाँ सूरदास द्वारा लिखित हैं।

99. निम्नलिखित में से किसका संबंध सिद्ध साहित्य से **नहीं** है?

(a) सरहपा

(b) कुक्कुरिपा

(c) शबरपा

(d) गोपीचंद

Adda247 GET IT ON Google Play

100. निम्नलिखित काव्यपंक्ति किस रचनाकार की है?

"प्रभु जी तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।"

(a) नानकदेव

(b) कबीर

(c) रैदास

(d) दादूदयाल

101. "हिन्दी रीतिग्रंथों की परम्परा चिन्तामणि त्रिपाठी से चली, अतः रीतिकाल का आरम्भ उन्हीं से मानना चाहिए।" यह कथन किसका है?

(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(b) रामचंद्र शुक्ल

(c) मिश्रबंधु

(d) रामकुमार वर्मा

102. "छार उठाय लीन्ह एक मूँठी। दीन्ह उड़ाइ पिरथिमी झूठी।" यह पंक्ति किस ग्रंथ से ली गई है?

(a) पद्मावत

(b) चान्दायन

(c) आखिरी कलाम

(d) रामचरितमानस

103. 'लंका यात्रा का विवरण'—यात्रावृत्त के लेखक हैं

(a) ठाकुर गदाधर सिंह

(b) गोपालराय गहमरी

(c) स्वामी सत्यदेव परिव्राजक

(d) राहुल सांकृत्यायन

104. अधोलिखित स्थापना (A) और तर्क (R) पर विचार कीजिए :

स्थापना (A) :

तुलसी के मत में—

"निर्गुण रूप सुलभ अति, सगुन जान नहिं कोय।
सुगम अगम नाना चरित, सुनि मुनि मन भ्रम होय॥"

तर्क (R) :

क्योंकि सगुण आकार की उपासना और अनुभव के दायरे में लाना सहज है, जबकि निगुर्ण निराकार की उपासना और अनुभूति नितांत कठिन।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए।

कूट :

(a) A और R दोनों सही हैं

(b) A सही है, R गलत

(c) A गलत है R सही

(d) A और R दोनों गलत हैं

105. निम्नलिखित आत्मकथाएँ और उनके लेखकों में से कौन-सा युग्म सही है?

(a) सहचर है समय : अमृता प्रीतम

(b) कस्तूरी कुण्डल बसै : प्रभा खेतान

(c) टुकड़े-टुकड़े दास्तान : अमृतलाल नागर

(d) घर की बात : चतुरसेन शास्त्री

106. संकलनत्रय के अंतर्गत कौन-सा तत्त्व सम्मिलित **नहीं** है?

(a) स्थान

(b) काल

(c) घटना

(d) गीत

107. भाषा की समास शक्ति और कल्पना की समाहार शक्ति का सर्वाधिक उपयोग निम्नलिखित में से किस कवि ने किया है?

(a) बिहारी

(b) चिन्तामणि

(c) भूषण

(d) घनानंद

Adda247 GET IT ON Google Play

**108.** कबीर के बीजक पर रची गई 'तिज्यॉ' टीका किसकी है?

(a) पूरनदास

(b) जगजीवनदास

(c) भगवानदास

(d) पल्टू साहब

**109.** 'अर्धनारीश्वर' निबंध-संग्रह के रचनाकार का नाम है

(a) शान्तिप्रिय द्विवेदी

(b) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(c) अज्ञेय

(d) वासुदेवशरण अग्रवाल

**110.** 'सीट नं० 6' किस लेखिका का कहानी-संग्रह है?

(a) मन्नू भंडारी

(b) मंजुल भगत

(c) ममता कालिया

(d) इंदुबाली

**111.** नाथ संप्रदाय में 'हठयोग' का क्या अर्थ है?

(a) कठिन साधना

(b) अडिग योग साधना

(c) हठपूर्वक योग

(d) 'ह' का अर्थ सूर्य और 'ठ' का अर्थ चन्द्र, दोनों का योग

**112.** निम्न कवियों और उनकी कृतियों में कौन-सा सुमेलित नहीं है?

| | कवि | काव्यकृति |
|---|---|---|
| (a) | विद्यापति | पदावली |
| (b) | नाभादास | भक्तमाल |
| (c) | नंददास | यमुनाष्टक |
| (d) | सुंदरदास | सुंदर विलास |

**113.** "भाषा बहुत परिष्कृत और परिमार्जित न होने पर भी कबीर की उक्तियों में कहीं-कहीं विलक्षण प्रभाव और चमत्कार है। प्रतिभा उनमें प्रखर थी, इसमें संदेह नहीं।" पंक्तियों के लेखक हैं

(a) डॉ० नगेन्द्र

(b) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(c) डॉ० राममूर्ति त्रिपाठी

(d) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

**114.** 'रामायण महानाटक' के लेखक हैं

(a) प्राणचंद चौहान

(b) केशवदास

(c) हृदयराम

(d) अग्रदास

**115.** निम्नलिखित तथ्यों को कालक्रमानुसार लिखिए :

1. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' लिखा
2. तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' की रचना की
3. अज्ञेय द्वारा 'तारसप्तक' का प्रकाशन किया गया
4. जयशंकर प्रसाद ने 'कामायनी' की रचना की

निम्नलिखित कूट के आधार पर सही उत्तर लिखिए :

(a) 1, 2, 4, 3

(b) 2, 1, 3, 4

(c) 2, 1, 4, 3

(d) 4, 2, 3, 1

**116.** "गिरा हो जाती है सनयन, नयन करते नीरव भाषण" —जैसे विरोधाभासी चमत्कार का सौन्दर्य किसकी कविता में प्राप्त है?

(a) निराला

(b) पंत

(c) प्रसाद

(d) महादेवी

Adda247 GET IT ON Google Play

117. निम्नलिखित में से कौन-सा कहानी-संग्रह नासिरा शर्मा का है?

(a) चल खुसरो घर आपने

(b) स्वीमिंग पूल

(c) बोलने वाली औरत

(d) पत्थर गली

118. निम्नलिखित में से किस ग्रंथ के लेखक रामविलास शर्मा **नहीं** हैं?

(a) कविता के नए प्रतिमान

(b) भाषा और समाज

(c) नई कविता और अस्तित्ववाद

(d) भारत में अंग्रेजी राज और मार्क्सवाद

119. 'आत्मनिरीक्षण' किसकी आत्मकथा है?

(a) वियोगी हरि

(b) आचार्य चतुरसेन

(c) सेठ गोविन्ददास

(d) वृन्दावनलाल वर्मा

120. प्रेमचंद की जीवनी 'कलम का मजदूर' के रचनाकार हैं

(a) अमृतराय

(b) मदनगोपाल

(c) शिवरानी देवी

(d) विष्णु प्रभाकर

121. "कबीर ने जिस प्रकार एक निराकार ईश्वर के लिए भारतीय वेदांत का पल्ला पकड़ा, उसी प्रकार उस निराकार ईश्वर की भक्ति के लिए सूफियों का प्रेमतत्त्व लिया और अपना 'निर्गुण' धूमधाम से निकाला।" यह कथन किसका है?

(a) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(b) नामवर सिंह

(c) पुरुषोत्तम अग्रवाल

(d) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

122. 'प्रवासी के गीत' के रचनाकार हैं

(a) नरेन्द्र शर्मा

(b) हरिवंशराय 'बच्चन'

(c) भगवतीचरण वर्मा

(d) हरिकृष्ण प्रेमी

123. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) 'मन पवन की नौका'—कुबेरनाथ राय का निबंध-संग्रह है।

(b) 'विचार और वितर्क'—हजारी प्रसाद द्विवेदी का निबंध-संग्रह है।

(c) 'कौन तू फुलवा बीनन हारी'—विवेकीराय का निबंध है।

(d) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' द्विवेदी युग के निबंधकार हैं।

124. 'मगही' किस उपभाषा की बोली है?

(a) राजस्थानी

(b) पश्चिमी हिन्दी

(c) पूर्वी हिन्दी

(d) बिहारी

Adda247 GET IT ON Google Play

125. एकाक्षरी भाषा-परिवार से तात्पर्य है

(a) सेमिटिक-हेमेटिक परिवार

(b) चीनी भाषा परिवार

(c) कॉकेशियन परिवार

(d) ऑस्ट्रो-एसियाटिक परिवार

126. आधुनिक भाषा-विज्ञान का जनक कौन है?

(a) ब्लूमफील्ड

(b) जेस्पर्सन

(c) सोस्यूर

(d) ग्लीसन

127. निम्नलिखित आधुनिक भाषाओं में से किसका संबंध अपभ्रंश की पैशाची बोली से है?

(a) राजस्थानी

(b) गुजराती

(c) पंजाबी

(d) बंगाली

128. गएल, भएल आदि किस बोली की किस तरह की क्रियाएँ हैं?

(a) भोजपुरी, भूतकालिक

(b) अवधी, वर्तमानकालिक

(c) ब्रजभाषा, भूतकालिक

(d) बुन्देली, भविष्यकालिक

129. कौन-सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?

(a) बंगला

(b) पंजाबी

(c) मराठी

(d) गुजराती

130. निम्नलिखित में से असत्य कथन चुनिए :

(a) रीवा, सतना, शहडोल—बघेली के क्षेत्र हैं।

(b) वर्धा की राष्ट्रभाषा सुधार समिति की ओर से देवनागरी में जो सुधार हुआ, वह 'स्वरखड़ी' के नाम से जाना जाता है।

(c) खड़ी बोली का एक अन्य नाम 'कौरवी' है।

(d) राजस्थानी उपभाषा का विकास पैशाची अपभ्रंश से हुआ है।

131. 'क' व्यंजन के विषय में निम्न में से कौन-सा सही है?

(a) अल्पप्राण, अघोष, स्पर्शी, कण्ठ्य ध्वनि

(b) महाप्राण, घोष, स्पर्शी, कण्ठ्य ध्वनि

(c) अल्पप्राण, घोष, संघर्षी, तालव्य ध्वनि

(d) महाप्राण, अघोष, संघर्षी, कण्ठ्य ध्वनि

132. भोजपुरी बोली की उत्पत्ति हुई है

(a) अर्द्धमागधी अपभ्रंश से

(b) मागधी अपभ्रंश से

(c) शौरसेनी अपभ्रंश से

(d) ब्राचड़ अपभ्रंश से

Adda247 GET IT ON Google Play

**133.** ड़, ढ़ ध्वनियों के विषय में कौन-सा कथन शुद्ध है?

(a) ये तालव्य ध्वनियाँ हैं।

(b) ये मूर्धन्य उत्क्षिप्त ध्वनियाँ हैं।

(c) इनका प्रयोग शब्द के आरम्भ, मध्य तथा अंत में (सर्वत्र) किया जाता है।

(d) दोनों महाप्राण हैं।

**134.** देवनागरी में 'अ' के बारह खड़ी का सुझाव किसने दिया था?

(a) नरेन्द्र देव

(b) डॉ० श्यामसुंदर दास

(c) काका कालेलकर

(d) विनोबा भावे

**135.** जिन ध्वनियों के संयोग से शब्दों का निर्माण होता है, उन्हें कहते हैं

(a) ध्वनि

(b) प्रतिध्वनि

(c) वाणी

(d) स्वनिम

**136.** उच्चारण की दृष्टि से 'श्, ष्, स्' व्यंजन किस प्रकार के हैं?

(a) अन्तस्थ

(b) वर्त्स्य

(c) ऊष्म

(d) तालव्य

**137.** झाँसी, जालौन, हमीरपुर में कौन-सी बोली प्रचलित है?

(a) बुंदेली

(b) कन्नौजी

(c) ब्रजभाषा

(d) मालवी

**138.** 'देवनागरी' का विकास किस लिपि से हुआ है?

(a) खरोष्ठी

(b) ब्राह्मी

(c) फारसी

(d) रोमन

**139.** नाटक को 'पंचम वेद' की मान्यता किसने प्रदान की है?

(a) आचार्य विश्वनाथ

(b) दशरथ ओझा

(c) भरतमुनि

(d) पाणिनि

**140.** "अर्थवैमल्यं प्रसादः —अर्थ की विमलता ही प्रसाद गुण है।"

उपर्युक्त परिभाषा किस आचार्य की है?

(a) आनंदवर्धन

(b) रुद्रट

(c) वामन

(d) दण्डी

**141.** भामह के अनुसार काव्य में कितने दोष होते हैं?

(a) पाँच

(b) चार

(c) सत्रह

(d) नौ

**142.** 'करुण रस' को एकमात्र रस किसने माना?

(a) भरतमुनि

(b) भवभूति

(c) मम्मट

(d) आचार्य विश्वनाथ

**143.** "बिनु पद चलै सुनै बिनु काना।
कर बिनु कर्म करै विधि नाना॥"

इसमें कौन-सा अलंकार है?

(a) विभावना

(b) विशेषोक्ति

(c) असंगति

(d) दृष्टांत

Adda247 GET IT ON Google Play

144. "मैं राज्य की चाह नहीं करूँगा।
है जो तुम्हें इष्ट वही करूँगा।
संतान जो सत्यवती जनेगी।
राज्याधिकारी वह ही बनेगी॥"

—पंक्तियों में प्रयुक्त छंद है

(a) इंद्रवज्रा

(b) उपेन्द्रवज्रा

(c) वसंततिलका

(d) हरिगीतिका

145. "काव्य संसार के प्रति कवि की भावप्रधान मानसिक प्रतिक्रियाओं की कल्पना के ढाँचे में ढली हुई श्रेय की प्रेमरूपा प्रभावोत्पादक अभिव्यक्ति है।" काव्य की यह परिभाषा देने वाले विद्वान हैं

(a) बाबू श्यामसुंदर दास

(b) बाबू गुलाबराय

(c) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(d) जयशंकर प्रसाद

146. 'दोहा' किस प्रकार का छंद है?

(a) सममात्रिक

(b) विषम मात्रिक

(c) संस्कृत वृत्त

(d) अर्द्धसम मात्रिक

147. उद्धवशतक की
"हमको लिख्यो है कहा, हमको लिख्यो है कहा,
हमको लिख्यो है कहा, कहन सबै लगीं।"
में पुनरुक्ति द्वारा क्या बोध होता है?

(a) भाव का अपकर्ष

(b) भावसंधि

(c) भावोत्कर्ष

(d) भावसबलता

148. जिस धर्मसाम्य को आधार बनाकर उपमेय-उपमान में एकता स्थापित की जाती है, उसे कहते हैं

(a) साधारण धर्म

(b) वाचक

(c) उपमान

(d) उपमेय

149. 'रोमांच' किस तरह का अनुभाव है?

(a) सात्विक

(b) कायिक

(c) आहार्य

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

150. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (रस) | सूची–II (स्थायी भाव) |
|---|---|
| A. अद्भुत | 1. क्रोध |
| B. वीर | 2. शोक |
| C. रौद्र | 3. विस्मय |
| D. करुण | 4. उत्साह |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

Adda247 GET IT ON Google Play

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**SERIES**

# B

# Code : DFMET-01

## 2018

# Subject : HINDI

**Part-I : General Studies : Q. Nos. 1 to 30**
**Part-II : Hindi : Q. Nos. 31 to 150**

**Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 150**

**Write your Roll Number in the box** **In numbers** → **In words**

**To mark answer use Black Ballpoint pen only.**

**Candidates must read all the instructions carefully before writing the answers.**

**You are to mark your answer on Answer-Sheet only. After the examination is over, hand over the original Answer-Sheet to the Invigilator.**

SEAL

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. **The Candidate should indicate the correct Roll Number, Subject, Test Booklet Code and its Series on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the Candidate will be solely responsible for it.**
3. **This Test Booklet contains 150 questions.** Each question has four (4) options which are given below the questions. Only one option is correct out of four. You are required to darken the circle corresponding to the alternative which you consider to be the correct or most appropriate answer in the Answer-Sheet by Black Ballpoint Pen.
4. Do not write anything on the cover page of the Test Booklet except Roll Number. Except this, do not write anything else inside the Test Booklet. If you need a working sheet to do your rough work, please ask the Invigilator for it and mention required information on it.
5. **If you happen to find that the Booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the Invigilator to get another Booklet of same Series and Code.**
6. **Penalty for wrong answers :**
   **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE ANSWER SHEET.**
   (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
   (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
   (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

*ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है।*



EE8—28750×4